नव भारत

# अब गांव के घर-घर में पहुंचेगा गैस

## किसानों को क्षतिग्रस्त फसलों का दिया जाएगा मुआवजा : डॉ. मोहन यादव

**सागर 25 सितंबर । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में जहां भी सोयाबीन की फसल अतिवृष्टि अथवा बीमारी के कारण खराब हुई है। ऐसे सभी क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त सोयाबीन की फसल का सर्वे कराया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि सर्वे के पश्चात किसानों को क्षतिग्रस्त सोयाबीन की फसल का समुचित मुआवजा भी दिया जा रहा है।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा सोयाबीन की फसल का एमएसपी रेट 5300 रू. निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के सोयाबीन उत्पादक किसानों को भी यही रेट दिया जाएगा। किसी भी किसान को घाटा नहीं सहने दिया जाएगा। मध्यप्रदेश में धान पर भी बोनस बढ़ाया गया है। किसानों को भावांतर भुगतान योजना के माध्यम से उनके खाते में बोनस का पैसा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सागर जिले के सुरखी विधानसभा क्षेत्र के जैसीनगर में आयोजित मुख्यमंत्री अन्न सुरक्षा संकल्प जागरूकता अभियान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में कृषि के साथ-साथ पशुपालन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अवसर पर सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने कहा यह केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी परिवार भूखा ना रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत, विधायक नरयावली प्रदीप लारिया ने भी संबोधित किया।



### जैसीनगर का नाम बदलकर जयशिवनगर करने की घोषणा

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर जिले के जैसीनगर में आयोजित अन्न सुरक्षा संकल्प जागरुकता कार्यक्रम में सागर जिले में विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जैसीनगर को नगर परिषद बनाने, जैसीनगर का नाम जैसीनगर से बदलकर जयशिवनगर रखने की घोषणा की।

समारोह में मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री अन्न सुरक्षा संकल्प कार्यक्रम एवं सिंगल विंडो पोर्टल का शुभारंभ करते हुए कहा कि सिटी गैस पोर्टल के माध्यम से गांव -गांव तक गैस का कनेक्शन घर-घर तक मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इसकी शुरुआत जैसीनगर से हो रही है। उन्होंने कहा कि सिंगल विंडो के माध्यम से सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क से कंपनियों द्वारा घर घर गैस कनेक्शन देने का काम किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लगभग 215 करोड़ के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।



पंचम स्कंद माता

नवरात्रि के पांचवें दिन मां दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा का विधान है. दुर्गा मां के सभी रूपों में स्कंदमाता का रूप बहुत ही ममता भरा है. इनकी पूजा करने से बुद्धि बढ़ती है और ज्ञान मिलता है. स्कंद कुमार, यानी स्वामी कार्तिकेय की माता होने के कारण मां के इस रूप को स्कंदमाता कहा जाता है.

**पूजा विधि और भोग** : स्कंदमाता की पूजा के लिए, स्नान कर स्वच्छ वस्त्र पहनें, चौकी पर प्रतिमा रखकर गंगाजल से शुद्ध करें, रोली-कुमकुम लगाएं और केले या केसर की खीर का भोग लगाएं। मां की आरती करें और प्रसाद बांटें।

**मां स्कंदमाता मंत्र**

ऐं ह्रीं क्लीं स्कन्दमातायै नमः॥
सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥
स्तुति मंत्र- या देवी सर्वभूतेषु मां स्कन्दमाता रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

## अब रियल-टाइम डेटा से होगी ठगी की तुरंत पहचान

**नई दिल्ली 25 सितंबर.** देश में बढ़ते साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है. दूरसंचार विभाग (डीओटी) और वित्तीय खुफिया इकाई-भारत ने एक समझौता किया है, जिसके तहत अब संदिग्ध वित्तीय लेन-देन से जुड़ी जानकारियां रियल-टाइम में साझा की जाएंगी। इस व्यवस्था से साइबर ठगी और ऑनलाइन वित्तीय अपराधों की पहचान तुरंत हो सकेगी और समय रहते कार्रवाई संभव होगी।

### गुस्ताखी माफ




## सोनिया गांधी ने फिलिस्तीन मामले पर केंद्र को घेरा

**नई दिल्ली, 25 सितंबर (वार्ता) कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने केंद्र सरकार की फिलिस्तीन नीति को मानवता और नैतिकता की उपेक्षा करार दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को इस मामले में नेतृत्व करना चाहिए, लेकिन सरकार का रवैया मौन और व्यक्तिगत मित्रता के आधार पर दिखाई दे रहा है।**



श्रीमती गांधी ने फिलिस्तीन मुद्दे पर केंद्र सरकार की नीतियों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुये कहा कि इस संबंध में सरकार का जो रवैया है उसमें मानवता और नैतिकता की उपेक्षा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उन्होंने गुरुवार को अपने लेख में कहा कि सरकार का रूख देश के संवैधानिक मूल्यों या रणनीतिक हितों के बजाय मुख्य रूप से पीएम मोदी और उनके इजरायली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के बीच व्यक्तिगत दोस्ती से प्रेरित प्रतीत लगता हैं। फिलिस्तीन के मुद्दे पर भारत को नेतृत्व दिखाने की जरूरत है, लेकिन सरकार की प्रतिक्रिया में गहरी चुप्पी और मानवता और नैतिकता दोनों का परित्याग शामिल है।

## वांगचुक के खिलाफ सीबीआई जांच

**50** लोग कांग्रेस पार्षद समेत हिरासत में

**10** दिन पहले सीबीआई लेकर आई आदेश


**नई दिल्ली 25 सितंबर. लद्दाख में हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के खिलाफ सीबीआई ने जांच शुरू कर दी है। ये जांच विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के कथित उल्लंघन मामले में शुरू हुई है।**



**इसको लेकर सीबीआई के एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।**

अधिकारी ने बताया कि गृह मंत्रालय की शिकायत के बाद लगभग दो महीने पहले प्रारंभिक जांच शुरू की गई थी और यह अभी भी चल रही है। वहीं हिंसा के दौरान चार लोगों की मौत हो गई थी, जिसके बाद पुलिस ने हिंसा मामले में कांग्रेस पार्षद समेत 50 लोगों को हिरासत में लिया है।

इस मामले को लेकर वांगचुक ने बताया कि सीबीआई की एक टीम करीब 10 दिन पहले एक आदेश लेकर आई थी, जिसमें कहा गया था कि वे हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स लद्दाख (एचआईएएल) में कथित एफसीआरए उल्लंघन के संबंध में गृह मंत्रालय की शिकायत पर कार्रवाई कर रहे हैं। बुधवार को पूर्ण राज्य की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन के दौरान लेह में हुई हिंसा और पुलिस गोलीबारी में चार लोगों की मौत के कुछ घंटों बाद गृह मंत्रालय ने कहा, 'वांगचुक के भड़काऊ बयानों से भीड़ भड़की थी'।




अभिनेता मोहनलाल दादासाहेब फालके अवॉर्ड पानेवाले सबसे कम उम्र के सम्मानमूर्ति बने



## भारत शोध, विनिर्माण और व्यापार में आत्मनिर्भर बनेगा

**नई दिल्ली 25 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने भारत की तेज विकास यात्रा, आर्थिक सुधारों और आत्मनिर्भरता की आवश्यकता पर जोर दिया।**

उन्होंने कहा कि भारत को शोध, विनिर्माण और व्यापार में आत्मनिर्भर बनना होगा और इसके लिए निजी निवेश के साथ-साथ एक व्यापक इकोसिस्टम तैयार करना जरूरी है।

पीएम मोदी ने कहा, शोध के क्षेत्र में निवेश को कई गुना बढ़ाने की आवश्यकता है। निजी निवेश अब अनिवार्य हो चुका है और हमें स्वदेशी रिसर्च, डिजाइन और डेवलपमेंट का संपूर्ण इकोसिस्टम बनाना होगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश की निवेश संभावनाओं पर जोर देते हुए कहा कि राज्य में कनेक्टिविटी क्रांति से लॉजिस्टिक्स लागत घटी है।

### पीएम मोदी ने बांसवाड़ा को दी सौगात

**बांसवाड़ा 25 सितंबर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बांसवाड़ा में 1,22,100 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके साथ ही पीएम मोदी ने यहां 15,000 से अधिक नियुक्ति पत्र भी बांटे और तीन ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई। इस दौरान पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने राजस्थान, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र में 90,000 करोड़ रुपये की बिजली परियोजनाओं की शुरुआत की घोषणा भी की।

